# स्वामित्व योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 20 जुलाई . कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को ग्रामीण तहसील के ग्राम रायपुर पहुंचकर स्वामित्व योजना के तहत चल रहे ग्राउंड ट्रुथिंग (जीटी) कार्यों का निरीक्षण किया.**



उन्होंने मौके पर कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं. कलेक्टर ने कहा कि स्वामित्व योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है, इसलिए राजस्व अमला पूरी पारदर्शिता, जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करे, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि कार्यों की सतत निगरानी की जाए और गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न हो. निरीक्षण में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे. इस दौरान कलेक्टर की नजर ग्राम में नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन पर पड़ी, जहां पाइपलाइन बिना टेप के खुली मिली. इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए ग्राम पंचायत सचिव को पाइपलाइन को तत्काल व्यवस्थित करने और अनुपयोगी कनेक्शनों को बंद कराने के निर्देश दिए. साथ ही गांव में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है.

## श्रम विभाग की कार्रवाई से 17 श्रमिकों को मिला बकाया वेतन

**नर्मदापुरम, 20 जुलाई .** कार्यालय श्रमायुक्त, नर्मदापुरम में सोमवार को अन्य राज्यों के 17 श्रमिकों द्वारा तहसील सोहागपुर स्थित एक राइस मिल में मशीन ऑपरेटर के पद पर कार्य करने के बावजूद वेतन का भुगतान नहीं किए जाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई. शिकायत प्राप्त होते ही क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक ज्योति पी.ए. ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित नियोजक से संपर्क कर श्रमिकों के बकाया वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराया. श्रम विभाग की पहल पर राइस मिल प्रबंधन द्वारा 17 श्रमिकों को कुल 1 लाख 48 हजार रुपये की बकाया वेतन राशि का भुगतान किया गया. बकाया वेतन प्राप्त होने पर सभी श्रमिकों ने श्रम विभाग की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए विभाग का आभार जताया.

## सूने मकान से नकदी-जेवर चोरी वारदात से रहवासी दहशत में

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 20 जुलाई . न्यू यार्ड के इंदिरा नगर क्षेत्र में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोर नकदी और चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए. असलम मंजिल के पास रहने वाली प्रफुल्ल लता मनमोटे पिछले आठ दिनों से भोपाल स्थित अपनी बेटी के घर गई थीं.**



इस दौरान चोरों ने मकान की कुंडी तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी व बक्सों को खंगालते हुए करीब 25 से 30 हजार रुपये मूल्य की नकदी और चांदी के आभूषण पार कर दिए. पड़ोसियों ने मकान का टूटा ताला देखकर उन्हें सूचना दी, जिसके बाद वे इटारसी लौटीं और चोरी का पता चला. सूचना पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी. पीड़िता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में शिकायत देने की बात कही है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह उसी मकान में चोरी की दूसरी घटना है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है. रहवासियों ने आरोप लगाया कि पहले न्यू यार्ड में पुलिस चौकी होने से अपराधों पर अंकुश रहता था, लेकिन चौकी हटने के बाद चोरी और अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं. लोगों ने क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और पुलिस चौकी फिर से शुरू करने की मांग की है. लगातार हो रही चोरियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

## एक नजर में



### स्कूल में भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति

**इटारसी, 20 जुलाई .** सीबीएसई से संबद्ध जीनियस प्लानेट स्कूल में सोमवार को स्पीक मैके के तत्वावधान में भरतनाट्यम नृत्य का आयोजन किया गया. पुणे की प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना वैष्णवी धोरे ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा से परिचित कराया. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुआ. स्कूल संचालक जाफर सिद्दीकी, मनीता सिद्दीकी, प्राचार्य ममता छिकारा तथा अतिथि हेमंत कुमार शुक्ला और मधु भैया ने कलाकार का स्वागत किया.
वैष्णवी धोरे ने विद्यार्थियों को भरतनाट्यम शब्द का अर्थ समझाते हुए 'भ' से भाव, 'र' से राग, 'त' से ताल और 'नाट्यम' से नृत्य की अवधारणा को सरल तरीके से प्रस्तुत किया. उन्होंने भरतनाट्यम की मूल मुद्राएं, नौ रस, भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न शैलियों तथा मोर की चाल और भाव-भंगिमाओं का सजीव प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के अंत में उन्होंने तराना पर मनमोहक प्रस्तुति दी. विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा तबला और ढोलक की ताल पर उनकी जुगलबंदी रही, जिसने सभी का मन मोह लिया. स्पीक मैके समन्वयक सुनील बाजपेयी ने विद्यार्थियों को संस्था के उद्देश्य और कलाकार का परिचय दिया. कार्यक्रम में गर्ल्स स्कूल सूरजगंज के प्रधान पाठक महेश रैकवार, विद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

### मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने की जानकारी दी

**पिपरिया., 20 जुलाई.** अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 2026 के उपलक्ष्य में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा 29 जुलाई तक 'बाघ पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस को बाघ संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है .इसी क्रम में ग्राम माधो, पाठई, चारगांव एवम बंधान इको विकास समितियो में 'सतपुड़ा संवाद' आयोजित किया गया। उपस्थित 98 ग्रामीणों को बाघ संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के उपायों की जानकारी दी गई .परिक्षेत्र बागडा बफर के सेहरा बेरियर पर 25 ग्रामवासियो द्वारा वन एवम वन्यप्राणी संरक्षण की शपथ ली गई.
पिपरिया के व्यस्ततम दुर्गा मंदिर चौराहे पर लगी एडवर्टाईजिंग स्क्रीन पर बाघ दिवस अंतर्गत जागरुकता संदेश का प्रसारण आज दिनांक से दिनांक 29 जुलाई तक किया जा रहा है। उक्त मार्ग से विभिन्न स्थानो से आये पर्यटक भी पचमढी की ओर जाते है। इस प्रकार उत्तरदायी पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जन-जागरूकता एवं व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं। उपसंचालक आशीष खोबरागड़े ने बताया कि 'बाघ पखवाड़ा' अभियान के तहत आज दिनांक तक 2963 व्यक्तियो/छात्र-छात्राओ को बाघ संरक्षण हेतु जागरुक किया गया है.

### नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा

नर्मदापुरम, 20 जुलाई. अखण्ड ब्राह्मण सेवा समिति भारत वर्ष (रजिस्टर्ड) की नर्मदापुरम इकाई की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को श्री रामजीबाबा समाधि धर्मशाला परिसर में संपन्न हुई .बैठक में संगठन की मजबूती और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई. यह बैठक जिला अध्यक्ष आचार्य पंडित नीरजेश त्रिपाठी की विशेष उपस्थिति में आयोजित की गई, जबकि बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्री के. के. थापक ने की. इन पदाधिकारियों को सौंपी गई नई जिम्मेदारियां बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित सुखराम शर्मा को समिति का विधि सलाहकार नियुक्त किया गया. इसके साथ ही नर्मदापुरम संभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पंडित संतोष मिश्रा को सौंपी गई है .कार्यकारिणी में अन्य पदों का दायित्व निम्नलिखित अनुसार तय किया गया उपाध्यक्ष: पंडित सुनील भार्गव, पंडित अजय दुबे (पूर्व पार्षद) एवं पंडित गोविंद दुबे (नोटरी)। सचिव आचार्य दिनेश महाराज, पंडित रामगोपाल चौबे एवं पंडित उदित द्विवेदी. संगठन पंडित आनंद थापक (संगठन मंत्री), जबकि पंडित राजेंद्र पुरोहित, पंडित रमेश पाठक एवं पंडित सुखदेव भार्गव को सह संगठन मंत्री नियुक्त किया गया. मीडिया व प्रचार पंडित युवराज दत्त तिवारी को मीडिया प्रभारी, पंडित शशांक तिवारी को प्रचार-प्रसार प्रमुख और पंडित रोहित शर्मा को सह प्रचार-प्रसार का प्रभार दिया गया.

## उल्लास के साथ मनाया गया हेरा पंचमी



**नर्मदापुरम/ इटारसी , 20 जुलाई . भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के पांचवें दिन सोमवार को हेरा पंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया. धार्मिक परंपरा के अनुसार मां लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ को वापस मंदिर लौटने का आग्रह करने गुंडीचा भवन पहुंचीं.**

माता के आगमन की सूचना मिलते ही भगवान मदन मोहन ने द्वार पर पहुंचकर उनकी अगवानी की. इस दौरान मां लक्ष्मी ने भगवान से घर लौटने का आग्रह किया, जिसे भगवान ने स्वीकार करते हुए उन्हें उपहार भी भेंट किए. इस धार्मिक आयोजन के दौरान गुंडीचा भवन में भजन-कीर्तन, नृत्य और जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा.

हेरा पंचमी के अवसर पर गुंडीचा भवन में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का प्रसाद ग्रहण किया. भंडारे के आयोजन में अग्रवाल समाज, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा तथा अन्य श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहयोग और सेवा दी.

## रोज एक घंटे नि:शुल्क संभालेंगे शिशु रोग ओपीडी

**इटारसी, 20 जुलाई .** शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञों की कमी के बीच मरीजों को राहत देने के लिए निजी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र गुप्ता ने सराहनीय पहल की है. अस्पताल की अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे के मार्गदर्शन में हुई बैठक में तय किया गया कि डॉ. गुप्ता प्रतिदिन स्वेच्छा से एक घंटे शिशु रोग ओपीडी का संचालन करेंगे. इससे दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बच्चों को समय पर विशेषज्ञ परामर्श और उपचार मिल सकेगा तथा परिजनों को निजी अस्पतालों के अतिरिक्त खर्च और परेशानी से राहत मिलेगी. अस्पताल प्रबंधन ने इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है.

## नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 20 जुलाई. शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत जन-जागरूकता व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी ने की. अपने संबोधन में डॉ. रघुवंशी ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में करना चाहिए. कार्यक्रम प्रभारी तनय सितोरे ने अभियान के उद्देश्य और आगामी गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. मुख्य वक्ता इंजी. गौरव बिल्थरिया ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, उसके दुष्परिणाम और बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला. वहीं डॉ. रेखा पटेल ने नशे के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों की जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन डॉ. कैलाश चंद्र विश्वकर्मा ने किया. समापन अवसर पर कमल सिंह अहिरवार ने छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को जीवनभर नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया.

## तालमेल से मजबूत होगी न्याय व्यवस्था : तृप्ति

**नर्मदापुरम, 20 जुलाई. जिला न्यायालय परिसर में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था की मजबूती के लिए बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय, अनुशासन और आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है.**



उन्होंने अधिवक्ताओं से जनहित, न्याय और विधि के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार नोटिया, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिनव कुमार जैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोज अख्तर सहित न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति रही. निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस.एस. पटेल एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी टी.एस. चौहान ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह राजपूत और आभार प्रदर्शन सचिव अनुपम दुबे ने किया. कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की आधिकारिक घोषणा भी की गई.

## वैशाली गुप्ता बनीं की 'डिस्ट्रिक्ट आइकॉन'

**नर्मदापुरम.** महिला एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत जिले की वैशाली गुप्ता को 'डिस्ट्रिक्ट आइकॉन' के रूप में चयनित किया गया है. शिक्षा, समाजसेवा, कॉर्पोरेट जगत, नेतृत्व क्षमता और अभिनय के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया. मिशन शक्ति के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया. जैन ने बताया कि वैशाली गुप्ता अब मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले की महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता के लिए प्रेरित करेंगी.

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वॉड ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया गौरव



नवभारत न्यूज


**नर्मदापुरम, 20 जुलाई . सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वॉड अपोलो ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया में आयोजित 7वें रिफ्रेशर कोर्स प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त कर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का गौरव बढ़ाया है.**

इस उपलब्धि के साथ डॉग स्क्वॉड ने लगातार पांचवीं बार प्रशिक्षण प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी उत्कृष्ट कार्यक्षमता का परिचय दिया. प्रशिक्षण में प्रदेश के कुल छह डॉग स्क्वॉड ने भाग लिया था. इनमें सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम के डॉग अपोलो ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, दक्षता और सूझबूझ के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया. प्रशिक्षण के दौरान अपोलो ने सभी निर्धारित परीक्षणों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी विशेष क्षमता का प्रदर्शन किया. प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन के दौरान सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व की डॉग स्क्वाड टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शहडोल डॉग स्क्वाड ने द्वितीय स्थान अर्जित किया. समापन अवसर पर सभी डॉग हैंडलर्स एवं सहायक हैंडलर्स को प्रमाण-पत्र, जैकेट्स एवं मोमेंटो प्रदान किए गए. कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण से संबंधित फीडबैक भी दिया, जिसमें उन्होंने प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं आयोजन की सराहना की.

## सतरस्ते सड़क पर अतिक्रमण की वजह से दुकाने हटाई

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 20 जुलाई .** नगर पालिका ने सोमवार को सतरस्ते क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने के लिए अभियान चलाकर सड़क पर व्यवसाय कर रहे फल एवं सब्जी विक्रेताओं को उनके निर्धारित स्थान पर पहुंचाया. बार-बार समझाइश के बावजूद नियमों का पालन नहीं करने वाले विक्रेताओं पर राजस्व दल ने 900 रुपये का जुर्माना भी लगाया.




कार्रवाई के दौरान दुकानदारों और विक्रेताओं को सड़क पर अतिक्रमण न करने तथा नगर में गंदगी नहीं फैलाने की हिदायत दी गई. आरएसआई ब्रजेश सारवान ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देश पर बाजार क्षेत्र में यातायात और स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के लिए नियमित अभियान चलाया जा रहा है.

**अभियान** | **जिलेभर में बिखरेंगे 2 लाख से अधिक सीड बॉल**

# बीज से वृक्ष तक संकल्प को मिलेगी नई उड़ान

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 20 जुलाई . पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक वनीकरण की दिशा में जिला प्रशासन मंगलवार को एक ऐतिहासिक पहल करने जा रहा है. नवांकुर अभियान के तहत जिले की सभी जनपद पंचायतों, तहसीलों और नगरीय निकायों में एक साथ 2 लाख से अधिक सीड बॉल का व्यापक स्तर पर प्रसार किया जाएगा.**



इस जनअभियान का उद्देश्य वर्षा ऋतु का अधिकतम लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक स्थानीय वृक्षों का प्राकृतिक रूप से विकास सुनिश्चित करना हैं. कलेक्टर सोमेश मिश्रा जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम हासलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर पौधारोपण के साथ सीड बॉल का प्रसार करेंगे. उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान को जनभागीदारी के साथ प्रभावी ढंग से संचालित करें, ताकि प्राकृतिक वनीकरण को नई गति मिल सके.

विश्व पर्यावरण दिवस से बीज से वृक्ष तक के संकल्प के साथ शुरू हुए नवांकुर अभियान के तहत जिले में अब तक 2 लाख से अधिक सीड बॉल तैयार किए जा चुके हैं. इस अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग तथा जेल प्रशासन विभाग की सक्रिय सहभागिता रही है.विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से तैयार सीड बॉल मंगलवार को जिलेभर के चयनित स्थलों पर बिखेरे जाएंगे, जिससे वर्षा के दौरान बीज अंकुरित होकर हरियाली का नया अध्याय लिखेंगे.
सीड बॉल तकनीक: कम लागत में हरियाली बढ़ाने का प्रभावी माध्यम सीड बॉल तकनीक प्राकृतिक वनीकरण की एक सरल, किफायती और प्रभावी विधि है. इसमें देशी एवं स्थानीय वृक्षों के बीजों को चिकनी मिट्टी और गोबर खाद या कम्पोस्ट के मिश्रण से तैयार गोलाकार बॉल में सुरक्षित रखा जाता है.



## बच्चों को क्रिकेट किट वितरित

**इटारसी, 20 जुलाई .** विधायक कार्यालय में विधायक की ओर से बच्चों को क्रिकेट किट वितरित की गई. इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद प्रतिनिधि एवं विधायक प्रतिनिधि गीता देवेंद्र पटेल भी उपस्थित रहीं. खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों में आगे बढ़ने और जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं.

## पेयजल संकट पर फूटा गुस्सा, सरगम तिराहे पर महिलाओं का चक्काजाम; 28 जुलाई तक दिया

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 20 जुलाई . पुरानी इटारसी के वार्ड क्रमांक 4, 5 और 6 में पिछले दो-ढाई माह से पेयजल संकट से परेशान रहवासियों का आक्रोश सोमवार को सड़क पर फूट पड़ा. पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं और स्थानीय लोगों ने सरगम तिराहे पर चक्काजाम कर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.**



करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि कई-कई दिनों तक टैंकर नहीं पहुंचते और बुजुर्गों के लिए पानी भरना मुश्किल हो जाता है. उनका कहना था कि उन्हें स्थायी समाधान के रूप में नलों से नियमित जलापूर्ति चाहिए. प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 28 जुलाई तक पाइपलाइन से नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हुई तो 29 जुलाई से अनिश्चितकालीन चक्काजाम किया जाएगा. आंदोलनकारियों ने क्षेत्र में खुदी सड़कों, बारिश के कारण हो रहे हादसों और सोमवारा बाजार की गंदगी पर भी नाराजगी जताई.